卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 46 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शनिवार ♦22 नवम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## पाकिस्तान से लाये गये हथियारों सहित चार दबोचे

### ड्रोन से लाए गए थे हाई-टेक हथियार, गैंगस्टरों तक पहुंचानी थी खेप

नई दिल्ली(उद संवाददाता)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच के अनुसार, यह गिरोह पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए अत्याधुनिक हथियार भारत में भेजकर कुख्यात गैंगस्टरों तक पहुँचाने की योजना बना रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, इस गिरोह से बरामद हथियार तुर्की और चीन में बने हाई-टेक पिस्टल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि इन हथियारों की खेप पंजाब के रास्ते दिल्ली लाकर लॉरेंश बिश्नोई, बमबीहा, गोगी और हिमांशु भाऊ जैसे कुख्यात गैंगस्टरों तक पहुंचाई जाने वाली थी। क्राइम ब्रांच को इनपुट मिला था कि कुछ तस्कर राजधानी में हथियारों की बड़ी खेप लेकर आने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर टीम ने रोहिणी इलाके में जाल बिछाया और आरोपियों को धर दबोचा। मौके से भारी मात्रा में आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में पंजाब और उत्तर प्रदेश के निवासी शामिल हैं। इस सफलता के साथ ही दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय



हथियार तस्करी नेटवर्क के पूरे पहलू की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस गिरोह का पाकिस्तान में कौन हैंडलर है, जो हथियार आपूर्ति की कमान संभाल रहा है। बरामद हथियारों में मुख्यत: तुर्की और चीन निर्मित हाई-टेक (शेष पृष्ठ सात पर)


## गुलदार का महिला पर हमला,हालत गंभीर

पौड़ी(उद संवाददाता)। पहाड़ के गांव लगातार वन्यजीव हमलों से त्रस्त होते जा रहे हैं। ताजा मामला पौड़ी ब्लॉक के डोभाल ढांडरी गांव का है, जहां खेत में घास लेने गई 62 वर्षीय महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और पूरे क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार भगवानी देवी (62), पत्नी पूरण सिंह नेगी, खेत में घास लेने गई थीं। तभी अचानक गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। उनके साथ गई अन्य महिलाओं ने शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया, जिससे गुलदार मौके से भाग गया, लेकिन तब तक महिला को गंभीर चोटें पहुँच चुकी थीं। (शेष पृष्ठ सात पर)



## साइकिल की दुकान में आग लगने से लाखों की क्षति

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप श्मशान घाट रोड पर शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से साइकिल और पंखा रिपेयरिंग की दुकान में आग लग गई, जिसमें लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। दुकान के मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि वे रात करीब आठ बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। खाने के बाद परिवार सहित सो गए। देर रात अचानक उन्हें जलने की बू आ गई, जब वे बाहर आए तो दुकान से धुआँ उठ रहा था। शटर उठाते ही आग भड़क चुकी थी। उन्होंने तुरंत शोर मचाया, और परिवार के साथ आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आसपास के लोग भी एकत्र हुए और नलों तथा पास ही बह रहे नाले



## किताबों का कोई विकल्प नहीं: धामी

### सीएम ने किया 'उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास' पुस्तक का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रतिष्ठित लेखक जय सिंह रावत द्वारा लिखित पुस्तक "उत्तराखंड राज्य का नवीन राजनीतिक इतिहास" का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तराखंड राज्य के राजनीतिक, प्रशासनिक एवं क्रमिक विकास की संपूर्ण और प्रामाणिक दस्तावेजी यात्रा को प्रस्तुत करती है। कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्यमंत्री ने उपस्थित महानुभावों, लेखकों, पत्रकारों तथा जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए लेखक श्री जय सिंह रावत को इस



महत्वपूर्ण कार्य के लिए हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार जय सिंह रावत जी ने राज्य के गठन के बाद की 25 वर्षों की राजनीतिक यात्रा को जिस सुसंगतता और प्रमाणिकता के साथ संकलित किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के इतिहास, संस्कृति और लोक परंपराओं पर कई पुस्तकें उपलब्ध हैं, लेकिन राज्य स्थापना के बाद की ढाई दशक की घटनाओं को तथ्यों, दस्तावेजों और विश्लेषण के आधार पर संग्रहित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, जिसे लेखक ने उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि पांच भागों में विभाजित यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री (शेष पृष्ठ 7 पर)

## मानवाधिकार हनन के मामले में कार्यवाही के आदेश

### सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने की थी जनहित में शिकायत

काशीपुर। बहुचर्चित आई लव मौहम्मद मार्च प्रकरण के बाद काशीपुर के अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र में अवैध उत्पीड़न एवं मानवाधिकार हनन तथा मूल अधिकार हनन की शिकायत पर मुख्य सचिव ने कार्यवाही के आदेश दिये हैं। मुख्य सचिव कार्यालय से उत्तराखंड शासन के गृह विभाग को अग्रेतर कार्यवाही हेतु शिकायत प्राप्त होने पर गृह विभाग ने पत्र संख्या 1577 दिनांक 29 अक्टूबर 2025 से इस पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने तथा कृत कार्यवाही से संबंधित शिकायतकर्ताओं को अवगत कराने के निर्देश के साथ उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को भेजा हैं।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता व समाजसेवी नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र के मानवाधिकार हनन, अवैध उत्पीड़न व मूल अधिकार हनन की ई-मेल से की गयी शिकायत पर कार्यवाही की सूचना मुख्य सचिव कार्यालय से चाही थी। इस सूचना प्रार्थना पत्र को गृह विभाग के लोक सूचना अधिकारी को हस्तांतरित होने पर प्रभारी लोक सूचना अधिकारी/समीक्षा अधिकारी प्रकाश रतूड़ी ने पत्रांक 241 दिनांक 07 नवम्बर 2025 से शिकायत पर मुख्य सचिव तथा गृह विभाग द्वारा कार्यवाही करने तथा इस हेतु शिकायत को पुलिस महानिदेशक को भेजने की सूचना उपलब्ध करायी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार मुख्य सचिव कार्यालय से गृह विभाग को प्राप्त शिकायत पर उत्तराखंड शासन के पत्रांक 1577 दिनांक 29 (शेष पृष्ठ सात पर)

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

सितारगंज। पैदल जा रहे हैं वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। शनिवार को 60 वर्षीय माशूक खान पुत्र कमालुद्दीन खान पीलीभीत रोड में ग्राम मलपुरी के पास पैदल जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में माशूक खान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जाता है कि माशूक खान एकल जिंदगी जीते थे। मृतक के भतीजे जाहिद खान और मजीद मौके पर पहुंचे।

## 'सर्दियों' में भी नहीं खुल रहा 'निगम के रैन बसेरे' का ताला

### महज शो- पीस बनकर रह गया नगर निगम का रैन बसेरा,, केयरटेकर का भी कहीं कोई आता पता नहीं, रैन बसेरा के दरवाजे पर लग रही कपड़े की दुकान

-अर्श-

रुद्रपुर। शासकीय सेवाओं के बारे में अक्सर ही यह कहा जाता है की आमतौर पर सरकार की गरीब हितैषी व्यवस्थाएं एवं सेवाएं उन जरूरतमंद गरीबों के काम कुछ कम ही आ पाती हैं, जिनके लिए वह संचालित की जाती हैं। सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं के बारे में जन सामान्य के भीतर बनी इस धारणा को नगर निगम रुद्रपुर द्वारा संचालित रैन बसेरा इन दिनों पूरी तरह मजबूत करता दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा ऐसे यात्रियों, जिनके पास होटल में ठहरने के लिए पर्याप्त पैसे नहीं हैं और ऐसे गरीब जिनके पास रात गुजारने का कोई छायादार ठिकाना नहीं है ,के लिए रुद्रपुर शहर में एक रैन बसेरा संचालित किया जाता है। अब से पहले कुछ वर्ष पहले तक यह रैन बसेरा नैनीताल रामपुर हाईवे पर रुद्रपुर बस टर्मिनल के पास स्थित था ,लेकिन तकरीबन 2 वर्ष पूर्व उत्तराखंड में आयोजित किए गए जी-20 समिट के दौरान चली विध्वंस की आंधी के परिणाम स्वरूप उक्त रैन बसेरा विस्थापित होकर स्थानीय अग्रसेन चौक पहुंच गया। अग्रसेन चौक स्थित इस रैन बसेरे में पिछले सर्दियों के समय ठीक-ठाक व्यवस्था की गई थी। रैन बसेरा चौबीस घंटे खुला रहता था तथा रात में रैन बसेरा के पास अलाव की व्यवस्था भी नगर निगम द्वारा कर दी जाती थी, लेकिन अबकी बार की



ठंड के सीजन में नगर निगम रुद्रपुर ने अभी तक इस रैन बसेरे की सुध नहीं ली है और वर्तमान में यह केवल एक शो पीस बनकर रह गया है। ऐसे समय, जबकि दिनों दिन गहराती ठंड के चलते जरूरतमंदों के लिए रैन बसेरे की छत जरूरी है, नगर निगम रुद्रपुर के इस रैन बसेरे में चौबीस घंटे ताला लटकता रहता है तथा रैन बसेरे का केयरटेकर भी लापता रहता है। और तो और, रैन बसेरा के बोर्ड अथवा दीवारों पर कहीं भी केयरटेकर का कोई कांटेक्ट नंबर भी अंकित नहीं है, जिसके चलते आवश्यकता पड़ने पर कोई जरूरतमंद केयरटेकर से संपर्क स्थापित कर रैन बसेरे की सुविधा का लाभ भी नहीं ले पाता। रैन बसेरा पर चौबीस घंटे ताला लटके रहने के चलते रैन बसेरा की दरवाजे पर कपड़े की दुकान लगाई जा रही है। इसके अलावा रैन बसेरा के आसपास काफी गंदगी भी जमा है। उत्तरांचल दर्पण की टीम बीते रोज रात के लगभग नौ बजे रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने की गरज से जब मौके पर पहुंची तो रैन बसेरे के दरवाजे पर मोटा सा ताला लटक रहा था और दरवाजे के ठीक सामने कपड़े की दुकान सजी हुई थी, जो कहीं ना कहीं इस बात की चुगली करती प्रतीत होती है कि नगर निगम का उपरोक्त रैन बसेरा फिलहाल बंद ही पड़ा रहता है और फिलहाल इसकी सेवाएं जरूरतमंद आम लोगों की (शेष पृष्ठ सात पर)

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण: धामी

## मुख्यमंत्री ने जीवनदीप आश्रम में आयोजित पाँच दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक महोत्सव में किया प्रतिभाग

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रुड़की के जीवनदीप आश्रम में आयोजित भव्य पाँच दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सनातन संस्कृति के संरक्षक परम पूजनीय संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि संत समाज जीवन्त तीर्थ के समान होता है, जो समाज को सत्पथ की ओर प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने परम पूज्य पद्मभूषण ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परम पूज्य जगद्गुरु महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि जी महाराज सहित सभी संत जनों को साष्टांग प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि संतों की दिव्य उपस्थिति मन और आत्मा में नई ऊर्जा का संचार करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जीवन दीप सेवा न्यास के इस पांच दिवसीय महोत्सव में शतचंडी महायज्ञ, श्री भक्तमाल कथा, 1100 बालिकाओं का पूजन, पाठ्य सामग्री वितरण एवं पाँच कन्याओं के सामूहिक विवाह जैसे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सेवा-भावना का अद्भुत संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी सभागार, श्री सिद्धबली हनुमान द्वार तथा शहीद चौक का लोकार्पण एवं उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि शहीद चौक हमारे अमर बलिदानियों के साहस और राष्ट्रभक्ति का स्मारक है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मैंन मार्ग से सुनहरा मार्ग चौराहे को शहीद चौक के नाम दिया जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज ने राष्ट्र, धर्म एवं मानवता की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर समाज को त्याग, करुणा एवं सेवा का पवित्र मार्ग दिखाया। उन्हीं की प्रेरणा से जीवन दीप सेवा न्यास शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, गौ-संरक्षण सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज विश्वभर में भारत की सनातन संस्कृति का गौरव बढ़ा है। उन्होंने उल्लेख किया कि-भव्य राम मंदिर निर्माण, बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक निर्माण जैसी पहलें हमारी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के साथ यमुनातीर्थ स्थल का पुनरुद्धार,



हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर निर्माण, दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए पूर्णत संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया कि धर्मांतरण विरोधी कानून एवं सख्त दंगारोधी कानून लागू किए गए हैं। लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसी जिहादी मानसिकताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। लैंड जिहाद पर 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर समान कानून व्यवस्था स्थापित की गई है। युवाओं के हित में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिससे 26,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। अवैध गतिविधियों में संलिप्त 250 से अधिक अवैध मदरसों को सील किया गया तथा नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसके बाद 1 जुलाई 2026 से गैर-मानक मदरसे स्वत: बंद हो जाएंगे। ''ऑपरेशन कालनेमि'' के अंतर्गत सनातन धर्म को बदनाम करने वालों पर कठोर कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ''विकल्प रहित संकल्प'' के साथ राज्य को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु सतत प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संत-महात्माओं के आशीर्वाद और जनसहयोग से उत्तराखंड निश्चित ही एक आदर्श एवं अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी ने कहा कि सौभाग्य का दिन है कि आज जीवन दीप आश्रम द्वारा पांच दिवसीय महोत्सव आयोजित किया गया है, जिसमें हमें भी आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ उन्होंने कहा कि जीवन दीप आश्रम सनातन धर्म का निर्वहन करते हुए समाज हित में कार्य कर रहे हैं तथा आज इस पंच दिवसीय महोत्सव में 1100 कन्याओं पूजन एवं भोजन कराया जा रहा है तथा 06 कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जा रहा है।उन्होंने सभी कन्याओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय हो और सुखमय जीवन व्यतीत करे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 11 कन्याओं का पूजन किया तथा उन्हें उपहार एवं दक्षिणा भेंट की तथा मुख्यमंत्री ने 06 कन्याओं के सामूहिक विवाह पर उनको शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद जीवन को कामना की। इस अवसर पर जून अखाड़े केमहामंडलेश्वर यतिद्रनंद गिरी महाराज ने भवन के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र वासियों का कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष/सचिव निरंजनी अखाड़ा श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (भारत साधु समाज) महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी, राष्ट्रीय मंत्री (भारत साधु समाज) महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी मैत्रेयी गिरी, कोठारी महंत बड़ा उदासीन अखाड़ा श्रीमहंत राघवेंद्र दास, महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद सरस्वती (नंगली दरबार) महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद, प्रदेश प्रवक्ता (भारत साधु समाज)महंत स्वामी अमृतानंद, महेंद्र स्वामी सत्यव्रता नंद सरस्वती,स्वामी विनोद महाराज, स्वामी प्रकाशा नंद महाराज, राज्य मंत्री विनय रोहिल्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल, विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष रुड़की मधु सिंह,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी,जिला महामंत्री रुड़की अक्षय प्रताप सिंह,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक, महामंत्री सागर गोयल, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से साधु संत, जनप्रतिनिधि , कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।







## ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलें चोरी

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में पिछले दिनों दो अलग-अलग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी होने की घटनाएँ सामने आई हैं। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला जे ब्लॉक वार्ड नंबर 3 का है, जहां रहने वाले अंकित दास ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी स्पलैंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके 06एपी1125 को अज्ञात चोर 18 नवंबर की रात चोरी कर ले गए। पीड़ित के अनुसार रात करीब 11:30 बजे मोटरसाइकिल सुरक्षित स्थान पर लगी थी, लेकिन 19 नवंबर की सुबह लगभग 7:30 बजे देखा तो वाहन गायब था। उन्होंने बताया कि वह अपनी ओर से खोजबीन करते रहे, लेकिन मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल सका। दूसरी घटना शिवपुरम कॉलोनी फेस-1 फुलसुंगा की है, जहां के निवासी रविंद्र कुमार ने अपनी तहरीर में बताया कि उनकी मोटरसाइकिल प्लेटिना 100 संख्या यूके 06एडब्लू 1676 उनके पड़ोसी राजीव शर्मा ने अपने काम के लिए ली थी। राजीव शर्मा के पुत्र नितिन पाठक ने इसे 14 नवंबर की रात अपने घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ा किया था। अगली सुबह लगभग 7:30 बजे पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी है। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और चोरी वाहनों की तलाश के लिए जांच शुरू कर दी है।

## राशन कार्ड केवाईसी में बुजुर्ग-बच्चों के फिंगर फेल

### कल लगेगा राशन केवाईसी कैम्प

सितारगंज। उत्तराखण्ड में चल रही राशन कार्ड केवाईसी प्रक्रिया में भारी अव्यवस्था सामने आ रही है। सरकार द्वारा अंतिम तिथि 30 नवंबर तय की गई है, लेकिन शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों राशन कार्ड धारक गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कई परिवारों के सदस्य नौकरी, पढ़ाई या अन्य कारणों से शहर से बाहर या विदेश में हैं, जिससे वे केवाईसी नहीं करा पा रहे। ऐसे लोगों में अपने राशन कार्ड से नाम कट जाने की आशंका बढ़ती जा रही है। केवाईसी केंद्रों पर सबसे बड़ी समस्या बुजुर्गों और बच्चों के फिंगरप्रिंट न मिलने की है। मशीन बार-बार फिंगर रिजेक्ट कर रही है। जिससे उन्हें मजबूरन आधार अपडेट केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। स्थिति यह है कि आधार अपडेट की आधिकारिक फीस 125 निर्धारित है, लेकिन कई केंद्र 230 तक वसूल रहे हैं। गरीब और निर्धन परिवारों पर यह अतिरिक्त बोझ भारी पड़ रहा है। साथ ही लंबी कतारें और समय की बर्बादी अलग से परेशानी बढ़ा रही है। वहीं लगातार मिल रही शिकायतों और भीड़ को देखते हुए स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग उठाई है, ताकि कोई भी पात्र परिवार राशन सुविधा से वंचित न रह जाए।

### फीस से अधिक पैसा लिया तो केंद्र बंद कराएंगे : रस्तोगी

सितारगंज। वार्ड सभासद रवि रस्तोगी ने इस अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि वार्ड 5 में प्राचीन भूमिया देवी मंदिर में कल रविवार को एक दिवसीय राशन केवाईसी कैंप आयोजित कराया जा रहा है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि "जैसे कोटे की दुकानों पर और हम वार्डों में जगह जगह केवाईसी कैंप लगवा रहे हैं उसी तरह आधार फिंगर अपडेट के भी कैंप लगाए जाएँ। इससे लोगों को बार-बार केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। रस्तोगी ने यह भी स्पष्ट कहा यदि किसी नागरिक से निर्धारित शुल्क से अधिक रकम वसूली गई तो संबंधित आधार केंद्र को तुरंत बंद कराने की कार्रवाई की जाएगी। जनता के साथ किसी भी प्रकार का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# उभरते बाल वैज्ञानिकों को सांसद अजय भट्ट ने किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हल्द्वानी खालसा इंटर कॉलेज में एपीजे अब्दुल कलाम राज्य विज्ञान महोत्सव 2025 के समापन दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय सांसद नैनीताल-ऊधम सिंह नगर अजय भट्ट व निदेशक अकादमिक शोध एवं प्रशिक्षण उत्तराखंड बन्दना गर्ब्याल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में माननीय सांसद अजय भट्ट ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये प्रतिभागियों को बाल वैज्ञानिकों को अपना आशीर्वाद देते हुए राज्य स्तर पर विजेता बाल वैज्ञानिकों प्रतिभागियों को अपनी बधाई प्रेषित की। उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को संबोधित करने हेतु कहा कि राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता जो यहाँ आयोजित हो रही है अत्यंत गर्व और प्रसन्नता की बात है। अपने संबोधन में माननीय सांसद ने कहा कि डॉ. कलाम कहा करते थे "सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं, सपने वो हैं जो हमें सोने न दें।" आज इस मंच पर खड़े प्रत्येक छात्र में वही सपना, वही जज्बा और वही उज्ज्वल भविष्य दिखाई दे रहा । उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी यदि आगे बढ़ेगी तो निश्चित ही उत्तराखण्ड और भारत दोनों विश्व के वैज्ञानिक मानचित्र पर और अधिक ऊँचाई प्राप्त करेंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना दी। विज्ञान ड्रामा में उत्तरकाशी जनपद की राजकीय इंटर कालेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, इनके विज्ञान ड्रामा का शीर्षक 'कल्पतरु की छाँव में ग्रीन टेक्नोलॉजी' था। द्वितीय



स्थान पर विज्ञान ड्रामा में ऊधम सिंह नगर जनपद के गुरु गुरुकुल अकादमी इंटर कॉलेज खटीमा का नाटक 'सभी के लिए स्वच्छता' रहा। तृतीय स्थान पर पिथौरागढ़ जनपद का विज्ञान ड्रामा 'डिजिटल इंडिया' रहा।विज्ञान मॉडल में सीनियर वर्ग में जनपद नैनीताल के राजकीय इंटर कॉलेज गरजौली के आदित्य ने सतत कृषि वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य और स्वच्छता वर्ग में टिहरी गढ़वाल की राजकीय इंटर कॉलेज गौनीखाल की दीप्ति रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जल संरक्षण और प्रबंधन वर्ग में नैनीताल जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज चांफी की कुमारी यामिनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में अपशिष्ट प्रबंध और प्लास्टिक के विकल्प वर्ग में अल्मोड़ा के इंटर कॉलेज रानीधारा के हर्षित बिष्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनोरंजक गणित मॉडल वर्ग में देहरादून के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हरिपुर कालसी की राशि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।जल संरक्षण और प्रबंधन वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज राजपुर रोड देहरादून की समीरा जाड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त भी कई वर्गों में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते। अंत में, कार्यक्रम के संयोजक मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल गोविंद राम जायसवाल जी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और विजेता बच्चों को आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। आज के समापन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक पुष्कर लाल टमटा, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हर्ष बहादुर चंद, एम बी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डी के पंत, कार्यक्रम की स्थलीय संयोजक कमला शैल, जिला विज्ञान समन्वयक डॉ दिनेश जोशी, सह समन्वयक प्रदीप जोशी, खंड शिक्षा अधिकारी हलवानी तारा सिंह,आशुतोष शाह डॉ कन्नू जोशी, गिरीश कांडपाल आदि उपस्थित रहे।

# किच्छा में डिजिटाइजेशन का दूसरा चरण शुरू

## तहसील, नगर पालिका और भारत सरकार की संयुक्त टीम ने तैयार की कार्ययोजना

किच्छा(उद संवाददाता)। भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड के चार शहरों को डिजिटाइजेशन से जोड़ने की योजना के तहत बीते शुक्रवार को दूसरे चरण के ग्राउंड मैपिंग के कार्य को शुरू करने के लिए नगर पालिकाप्रशासन ,तहसील प्रशासन एवं भारत सरकार की संयुक्त टीम द्वारा रूपरेखा तैयार की गई। ग्राउंड मैपिंग को धरातल पर उतरने के लिए उप जिला अधिकारी कार्यालय में एक बैठक संपन्न की गई जिसमें तहसील प्रशासन नगर पालिका प्रशासन एवं चकबंदी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया इस दौरान मैपिंग में डाटा अपलोड करने के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरणों को एक्टिवेट करने का कार्य प्रारंभ हुआ। ग्राउंड मैपिंग में प्रशासन द्वारा अभी पांच टीमें तैयार की गई है जो प्रत्येक क्षेत्र का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट बनाएंगे। ड्रोन द्वारा डिजिटाइजेशन मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है जो की प्रथम चरण का कार्य था। दूसरे चरण के कार्य में ग्राउंड मैपिंग की जानी है तथा किच्छा नगर पालिका परिक्षेत्र के संपूर्ण भूमि का डिजिटाइजेशन करते हुए आंकड़े तैयार करने हैं इन आंकड़ों के आधार पर भूमि प्रबंधन करते हुए अर्बन कार्ड की तैयारी की जाएगी जिसके मिलने पर क्षेत्र में निवास कर रहे तमाम लोगों को विभिन्न प्रकार के लाभ मिल सकेंगे इसके अलावा संपूर्ण भूमि का लेखा-जोखा भी सरकार के पास डिजिटलाइजेशन के माध्यम से उपलब्ध रहेगी तथा किसी के आधार पर विकास की कार्य योजनाएं तैयार की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस डिजिटाइजेशन डाटा के अनुसार प्रत्येक संपत्ति का ब्यौरा सरकार के पास उपलब्ध रहेगा जिसके आधार पर विकास परक योजनाओं को लाया जाएगा तथा नागरिकों को भूमि प्रबंधन में भी सहयोग मिल सकेगा तथा आ रहे कई जटिल समस्याओं का निस्तारण हो सकेगा। इस योजना को स्वामित्व योजना से भी अधिक महत्वपूर्ण योजना के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि इस कार्य में लगे हुए सभी आला अधिकारियों ने अभी तक आधिकारिक तौर पर कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं की है। इस योजना के संबंध में संपूर्ण जानकारियां समस्त उपकरणों के एक्टिवेट होने के बाद धरातल पर मैपिंग के लिए तैयार होने के बाद सार्वजनिक की जाएगी। ग्राउंड डिजिटल मैपिंग के लिए बैठक में उप जिलाधिकारी गौरव पांडे के अलावा तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी चकबंदी के कानून को अनिल कुमार, नगर पालिका के बड़े बाबू ताहिर मलिक के अलावा नगर पालिका तहसील प्रशासन चकबंदी कार्यालय के कर्मचारी गण उपस्थित थे।




# एडीएम ने किया रामनगर में खनन क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण

रामनगर(उद संवाददाता)। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शैलेंद्र सिंह नेगी ने शुक्रवार को रामनगर के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में स्वीकृत खनन क्षेत्रों, प्रस्तावित विस्थापन स्थल और पुलिस आवास निर्माण हेतु चयनित भूमि का हाल जाना। अपर जिलाधिकारी ने सबसे पहले कोसी नदी के बंजारी गेट में चल रही खनन गतिविधियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। उन्होंने खनन कार्यों में सुरक्षा, व्यवस्था और निर्धारित मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसके पश्चात उन्होंने तहसील



रामनगर के चुकम गांव के विस्थापन के संदर्भ में ग्राम आमपोखरा में वन विभाग के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित भूमि का स्थलीय परीक्षण किया। उन्होंने विस्थापन के लिए भूमि की उपलब्धता, उपयुक्तता और आवश्यक प्रक्रियाओं की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने आगे कोतवाली रामनगर में पुलिस कर्मियों के लिए 9.94 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले आवास के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। चयन समिति के अधिकारियों के साथ उन्होंने प्रस्तावित स्थल की स्थिति और निर्माण संबंधी संभावनाओं पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी रामनगर प्रमोद कुमार, भूवैज्ञानिक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामनगर, वन विभाग, पुलिस विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# एएनपीआर कैमरों से ई-चालान प्रक्रिया तेज, वाहन स्वामियों से मोबाइल नंबर अपडेट करने की अपील

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) वी.के. सिंह ने बताया कि राज्य में मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 136। तथा केंद्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के नियम 167। के अंतर्गत इलेक्ट्रॉनिक मॉनिटरिंग और इन्फोर्समेंट को मजबूत बनाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 37 लोकेशनों पर ए.एन.पी.आर कैमरे स्थापित किए गए हैं। इनके माध्यम से लगातार ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एएनपीआर कैमरों के अलावा इंटरसेप्टर वाहनों, टास्कफोर्स एवं प्रवर्तन दलों द्वारा भी रडारगन से ओवरस्पीडिंग का ऑनलाइन चालान किया जा रहा है। ऐसी ई-चालान प्रक्रिया में वाहन को मौके पर रोकना या उसके प्रपत्रों को जब्त करना लगभग संभव नहीं होता। इसी वजह से यदि वाहन के पंजीकरण विवरण में सही मोबाइल नंबर दर्ज नहीं है, तो वाहन स्वामी को समय पर ई-चालान की सूचना प्राप्त नहीं हो पाती, जिसका परिणाम यह होता है कि ऑनलाइन भुगतान समय पर नहीं हो पाता। इसके साथ ही वाहन बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण भी अब आधार आधारित ओटीपी सत्यापन पर निर्भर है, इसलिए मोबाइल नंबर का सही और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। वी.के. सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वाहन स्वामी अपने वाहन के पंजीयन विवरण में मोबाइल नंबर ऑनलाइन माध्यम से परिवहन विभाग की वेबसाइट चंतपअँद.हवअ.पद पर जाकर घर बैठे अपडेट कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्यदिवस में संबंधित परिवहन कार्यालय में उपस्थित होकर भी अपना मोबाइल नंबर विवरण अपडेट करा सकते हैं।

# मददून की कुर्क सामग्री की नीलामी 29 नवंबर को

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। तहसीलदार हल्द्वानी कुलदीप पांडे ने जानकारी दी कि जिला जज नैनीताल के आदेश के क्रम में डिक्रीदार हरीश चंद्र शर्मा को मददून विमला देवी पत्नी स्व. खीम सिंह के नाम से दर्ज भवन का कब्जा सौंपा गया है। न्यायालय ने निर्देश दिया है कि भवन के कब्जे के बाद मददून के सामान को उचित माध्यम से नीलाम किया जाए और नीलामी से प्राप्त धनराशि 2 दिसंबर 2025 तक न्यायालय में जमा कराई जाए। तहसीलदार पांडे ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में कुर्क सुदा सामान की नीलामी के लिए 6 सदस्यों की टीम गठित की गई है। उन्होंने कहा कि मददून विमला देवी के घरेलू सामान की नीलामी 29 नवंबर 2025 को नियत की गई है। तहसीलदार ने गठित समिति को निर्देश दिए हैं कि वे सूची के अनुसार तय दिनांक को मौके पर उपस्थित होकर सामग्री की नीलामी करें और प्राप्त धनराशि को नियत समय से पूर्व जिला न्यायालय में जमा कराना सुनिश्चित करें।

**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में ज्वैलर्स शोरूम पर काम करने के लिए एक युवती की।
-संम्पर्क करें -
मो.9837056528

# दुकान चलाने वाला रईस 2007 से बना रहा था फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत द्वारा बनभूलपुरा में फर्जी स्थाई निवास प्रमाण पत्र बनाने के मामले का भंडाफोड़ करने के बाद प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही जांच के दौरान यह प्रकाश में सामने आया कि साहूकारा लाईन बाजार में दुकान चलाने वाला रईस अहमद अंसारी 2007 से फर्जी स्थाई निवास बना रहा था।स्थाई प्रमाणपत्रों के सत्यापन अभियान के दौरान एक आवेदन में अंजुमन मोमिन अंसार, आजाद नगर, नैनीताल द्वारा जारी कथित " प्रमाणपत्र" प्रस्तुत किया गया पाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, एसडीएम राहुल शाह तथा तहसीलदार की संयुक्त टीम द्वारा उक्त सोसाइटी के पते का सत्यापन किया गया। सोसाइटी अपने पंजीकृत पते पर मौजूद नहीं पाई गई। स्थानीय जांच में यह तथ्य सामने आया कि रईस अहमद अंसारी, जो साहूकारा लाइन में दुकान चलाते हैं, उक्त सोसाइटी के नाम पर अवैध रूप से प्रमाणपत्र जारी कर रहे हैं। मौके पर पूछताछ में रईस अहमद अंसारी द्वारा स्वीकार किया गया कि वह वर्ष 2007 से ऐसे प्रमाणपत्र जारी कर रहा है।रिकॉर्ड सत्यापन में पाया गया कि यह सोसाइटी वर्ष 2007 से नवीनीकृत नहीं हुई है। सोसाइटी के अध्यक्ष एवं महासचिव का निधन हो चुका है तथा सोसाइटी पूर्णत: निष्क्रिय अवैध स्थिति में है। इसके बावजूद एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा सोसाइटी का संचालन कर अवैध प्रमाणपत्र जारी किए जा रहे थे। ऐसे प्रमाणपत्रों का उपयोग कई व्यक्तियों द्वारा जाति, जन्म एवं निवास प्रमाण के रूप में किया जा रहा था, जबकि सोसाइटी को ऐसे किसी प्रमाणपत्र जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।एसडीएम द्वारा तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि ऐसे प्रमाणपत्रों के आधार पर जारी सभी जाति प्रमाणपत्रों की जांच तत्काल की जाए। टीम द्वारा संबंधित सभी दस्तावेज सीज कर लिए गए हैं।अतिरिक्त रूप से एसडीएम ने अवैध प्रमाणपत्र जारी करने में संलिप्त व्यक्ति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं।सोसाइटी से संबंधित सभी



विवरणों एवं गतिविधियों की जांच की जा रही है। उक्त अवैध संस्था द्वारा जाति प्रमाण एवं स्थाई प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु जारी किए जा रहे हैं , प्रमाण पत्र रसीद में अंकित फोन नंबर पर बात करने पर उनके द्वारा प्रमाण पत्र प्राप्त होना बताया गया। ऐसे सभी प्रमाणपत्रों को चिन्हित किया जा रहा है एवं प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज किए जाने की कार्यवाही भी की जा रही है। प्रशासन द्वारा ऐसे अवैध प्रमाण पत्र जारी करने एवं उपयोग करने वाले सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भारतीय संस्कृति में संस्कृत भाषा की भूमिका अहम: आर्य

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को भंजूराम अमर इंटर कॉलेज, भूरारानी में सम्पन्न हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र आर्य ने दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा के महत्व तथा भारतीय संस्कृति में इसकी प्रमुख भूमिका से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। विशिष्ट अतिथि मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य कृष्ण मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज ने कहा कि संस्कृत भाषा केवल ज्ञान का स्रोत ही नहीं, बल्कि भारतीय परंपरा और विचारधारा की आधारशिला है। आयोजन के संरक्षक एवं मार्गदर्शक मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति, प्रतिभा और भाषा कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय प्रबंधक सुरेश कुमार गांधी ने विद्यालय को आयोजन स्थल के रूप में चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि संस्कृत प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करती हैं।प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास के साथ अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित किया। जनपद संयोजक अंकित पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता में संस्कृत समूहगान, संस्कृत नृत्य, संस्कृत नाटक, वाद-विवाद, आशु भाषण और श्लोक उच्चारण सहित विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। जिनमें जनपद के सभी 7 विकासखंडों से चयनित प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं निर्णायकों की उपस्थिति उत्साहजनक रही।



# संदिग्ध हालातों में फंदे पर झूलती मिली महिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गोरापड़ाव हाथीखाल निवासी 23 वर्षीय महिला संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलती पाई गई। परिजनों ने महिला को फांसी से उतारकर सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लिया। बाद में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया और शव स्वजन को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार, गौला में मजदूरी करने वाला गौतम सक्सेना पत्नी व बच्चे के संग गोरापड़ाव में किराए के मकान में रहता है। दोनों गौला में रेता बजरी छानने का काम करते हैं। गत रात्रि गौतम की पत्नी योगिता कमरे में फंदे पर लटक गई। इसकी भनक गौतम को तब लगी जब उसकी डेढ़ साल की बेटी रोने लगी। आनन-फानन में योगिता को स्वजन डा. सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि योगिता को कुछ दिनों से बुरे सपने आ रहे थे। पास में ही रहने वाले युवक ने भी कुछ समय फांसी लगाई थी। उसको दिमाग में भी यही चल रहा था। शायद इसलिए, योगिता ने फांसी लगा ली हो। मेडिकल चौकी प्रभारी भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि योगिता व गौतम की शादी को करीब पांच साल ही हुए थे। इसलिए पोस्टमार्टम मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया गया। उन्होंने बताया आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

# किच्छा में नगर पालिका का अतिक्रमण हटाओ अभियान तेज

## महाराणा चौक से डी.डी. चौक तक हटाया गया सड़क पर फैला सामान

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका प्रशासन द्वारा सड़कों पर किए जा रहे अतिक्रमण को हटाए जाने की कार्यवाही बीते शुक्रवार की शाम को प्रारंभ की। इस दौरान नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत होते ही सड़क किनारे फल ठेला, खोखा लगाए एवं दुकानदारों द्वारा सड़क कर फैले सामान को समेटने की अफरा तफरी मच गई। महाराणा चौक से लेकर डी डी चौक तक लगातार जाम की स्थिति को लेकर के पिछले कई दिनों से नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन दिक्कतों का सामना कर रहा था। इस कड़ी में कार्यवाही करते हुए अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला द्वारा यातायात को दुरुस्त करने के लिए पुलिस प्रशासन के साथ सड़क पर व्यापारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई महाराणा चौक से कार्रवाई शुरू करते हुए पुलिस प्रशासन के साथ नगर पालिका प्रशासन द्वारा डीडी चौक तक सड़क के दोनों और व्यापारियों द्वारा सड़क पर लगाए गए सामान को जब्त करने की कार्यवाही की गई इसके उपरांत अतिक्रमण हटाओ अभियान की टीम द्वारा बरेली रोड पर भी सड़क पर लगाए गए सामान को जप्त करने का अभियान जारी रखा। सड़क के दोनों और व्यापारियों द्वारा फैलाई गई गंदगी को देखकर भी अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला द्वारा सख्त हिदायत दी गई कि यदि शहर कोस्वच्छ बनाए रखने में व्यापारियों द्वारा सहयोग नहीं किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि शहर व्यापारियों का एवं किच्छा के नागरिकों का है इसकी साफ सफाई एवं यातायात व्यवस्था को दुरस्त बनाने हेतु सहयोग करने के लिए किच्छा के नागरिकों को आगे आना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक आम नागरिकों का सहयोग तहसील प्रशासन ,पुलिस प्रशासन एवं नगर पालिका प्रशासन को नहीं मिलेगा तब तक व्यवस्थाएं दुरुस्त होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क पर निर्धारित सीमा के बाहर व्यापारियों द्वारा जो सामान लगाया जा रहा है प्रथम चरण में उन्हें यह चेतावनी दी जा रही है कि सभी व्यापारी अपना सामान जल निकासी के लिए बनी हुई नालियों से बाहर न रखें। उन्होंने कहा कि नालियों से बाहर सामान रख करके सड़क पर समान फैलाने की प्रतिस्पर्धा प्रत्येक व्यापारी को छोड़ देनी चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि जितनी सड़क खुली रहेगी उतना ही ग्राहक भी आराम से खरीदारी करेगा तथा व्यापारियों को ही इसका लाभ मिलेगा किंतु दुकानदारों द्वारा जब सामान सड़कों पर फैला दिया जाता है तो ग्राहकों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है तथा यातायात व्यवस्था खराब हो जाता है जिस वजह से ना तो ग्राहक रुक पाता है और ना ही व्यापारियों को लाभ मिल पाता है व्यापारियों को अपने हितों को ध्यान में रखते हुए सड़क को खुला रखना के लिए प्रयास करने चाहिए जिसमें नगर पालिका प्रशासन तहसील प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से सहयोग करेगा यदि व्यापारियों द्वारा उन्हें लाली से पर सड़क पर सामान लगाया तो चालान के साथ-साथ समान जब्त की कार्रवाई के अलावा दंडात्मक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी इसलिए समस्त नागरिकों से अपील है कि नालियों के पार सड़क पर समान फल ठेला खोखा ना तो लगाएं और ना ही लगे दे ।







# ज्ञान सिंह चौहान का किया स्वागत

रूद्रपुर। बहुद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड फौजी मटकेटा में सम्पन्न हुए चुनावों में ज्ञान सिंह चौहान एक बार फिर निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके पुनः चयन पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल तथा ठाकुर जगदीश सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने चौहान का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि ज्ञान सिंह चौहान को बधाई देते हुए कहा कि इनका पुनः निर्विरोध चुना जाना किसानों के विश्वास और उनकी कार्यशैली का प्रमाण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि चौहान आने वाले समय में भी किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए समिति को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे। अध्यक्ष ज्ञान सिंह चौहान ने सभी सदस्यों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताया गया विश्वास उनकी जिम्मेदारी को और अधिक बढ़ाता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे किसानों की समस्याओं के समाधान और समिति की प्रगति के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे तथा पारदर्शिता और सहयोग की भावना से संस्था को मजबूत बनाएंगे।कार्यक्रम के दौरान कुंवर पाल सिंह, रघुराज सिंह, केशव शर्मा, देवेंद्र सिंह बामल, त्रिलोचन पनेरू, देवेंद्र सिंह बिष्ट, श्याम सिंह चौहान, ललित सिंह बिष्ट और केरू मंडल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# काली फिल्म लगे वाहनों पर पुलिस की सख्ती, 96 चालान, 12 वाहन किए सीज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को पूरे जनपद में काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने, अपराधों की रोकथाम करने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान सभी थानों और चौकियों में एक साथ शुरू किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने प्रमुख चौराहों, बाजारों, हाईवे और संवेदनशील क्षेत्रों में चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर वाहनों की बारीकी से जांच की। काली फिल्म लगे वाहनों को विशेष रूप से चिन्हित कर उनकी जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान कुल 96 चालान काटे गए, जबकि गंभीर उल्लंघन की स्थिति में 12 वाहनों को सीज किया गया। कई वाहनों से मौके पर ही काली फिल्म हटवाई गई और चालकों को संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने स्पष्ट किया कि काली फिल्म का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है, क्योंकि यह सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है और कई आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देता है। उन्होंने यह भी कहा कि वाहन चेकिंग का यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं तथा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, काली फिल्म या अन्य अवैध संशोधन न करें तथा सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दें।



# ग्रामीणों को दी आपदा रोगों व बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में विभिन्न प्रकार के आपदाओं में पब्लिक हैल्थ इमरजैंसी के अन्तगर्त संक्रमण रोग आदि माहमारी के प्रति सवेंदनशील है। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम सभा जवाहर नगर में एकीकृत रोग निगरानी कार्यकम के अन्तर्गत उपस्थित ग्रामिणों को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकालीन तैयारी और क्षमता विकास हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में प्रशिक्षण सम्पन्न किया गया। प्रशिक्षण प्रारम्भ में ग्राम प्रधान द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को शॉल व पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल द्वारा आपदा के दौरान होने वाले संचारी रोग, जल जनित रोगो की जानकारी व उससे बचाव से सम्बन्धित विषय में जानकारी प्रदान की गयी तथा आईडीएसपी की महत्वत्ता से अवगत कराया गया। तद्रुपरान्त प्रशिक्षण में एसडीआरएफ के एसआई मनोज सिंह रावत व उनकी टीम द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को आपदा के दौरान आपातकालीन तैयारी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा दुर्घटना के दौरान मरीजों के बचाव अभियान को अभ्यास के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। आपदा के दौरान उपयोग में लाये जाने वाले संसाधनों की जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण में फायर पुलिस से दीपक सिंह बिष्ट द्वारा अग्नि के दौरान बचाव के तरीकों तथा घरों की रसोई में उपयुक्त गैस सिलेंण्डर में लगी आग को बुझाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभिन्न प्रकार की अग्नि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। डा0 संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा आपदा के दौरान तथा आपदा के बाद होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी व बचाव के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में ग्राम प्रधान श्रीमती तारा पाण्डे द्वारा उक्त पप्रशिक्षण सम्पन्न करने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा उपस्थित प्रशिक्षकों व प्रतिभागियों को धन्यवाद प्रेषित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रकाश मेहता, श्रीमती गीता भण्डारी, श्रीमती मोहनी सती, हिमांनी कौरंगा, रीवा राठौर आदि उपिस्थत रहे।





SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर

चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# सोलब्लू सूत्र वेलनेस रिट्रीट 19 से 21 दिसंबर को रुद्रपुर में होगा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शगुन सूत्र इवेंट्स, अपने वेन्यू पार्टनर रेडिसन ब्लू रुद्रपुर के साथ मिलकर, 19 से 21 दिसंबर तक चलने वाला तीन दिन का होलिस्टिक वेलनेस रिट्रीट आयोजित कर रहा है। भारत और नेपाल के एक्सपर्ट्स, हीलर्स, आर्टिस्ट्स और वेलनेस लीडर्स की टीम को एक साथ लाकर, सोलब्लू सूत्र का मकसद पार्टिसिपेंट्स को उत्तराखंड की शांत पहाड़ियों में मन-शरीर-आत्मा को पूरी तरह से रीसेट करना है। इस रिट्रीट को शगुन सूत्र इवेंट्स की फाउंडर और डायरेक्टर नंदिता सिंह लीड कर रही हैं, जिन्होंने लग्जरी, नेचर और साइंस-बेस्ड थेरेपी को मिलाकर एक प्रीमियम वेलनेस एक्सपीरियंस तैयार किया है। यह कुकिंग वेलनेस प्रोग्राम खास तौर पर रेडिसन ब्लू रुद्रपुर के हेड शेफ अनुराग ने डिजाइन किया है, जो रिट्रीट की होलिस्टिक फिलॉसफी के हिसाब से पौष्टिक और स्वादिष्ट खाना तैयार करता है।प्रोग्राम में शामिल होने वाले जाने-माने एक्सपर्ट्स शामिल होंगे विकास कुमार, न्यूट्रिशनिस्ट और



लाइफस्टाइल कोचकृतिका चौहान, फिटनेस ट्रेनर और इन्फ्लुएंसर,सोहित योगी, योग गुरु और इन्फ्लुएंसर,रमेश सपकोटा, नेपाल से साउंड हीलर,मान्यता श्रेष्ठा बड़े, नेपाल से टैरो कार्ड रीडर, रूपिन पाहवा, बॉलीवुड म्यूजिक कंपोजर, सिंगर और एक्टर,अलंकृता और नम्रता, साइकोलॉजिस्ट और सुलहा मेंटल हेल्थ केयर के फाउंडर,लेजर क्रेजर, नई दिल्ली से गेमिंग पार्टनर,विक्की धर, डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी,सागर दुग्गल एंकर, यह डायनामिक टीम सभी पार्टिसिपेंट्स के लिए एक यूनिक इमर्सिव और रिजुविनेटिंग एक्सपीरियंस का वादा करती है। रेडिसन ब्लू रुद्रपुर में सोलब्लू सूत्रा सोच-समझकर बनाई गई थेरेपी और एक्टिविटीज की एक सीरीज देगा, जिसमें शामिल हैं। आयोजक नंदिता सिंह ने बताया कि दिल्ली से उत्तराखंड के लिए आराम दायक बस पिक एंड ड्रॉप सर्विस ,शहरी जिंदगी की भागदौड़ से साल के आखिर में डिटॉक्स के तौर पर डिजाइन किया गया यह रिट्रीट मेंटल वेलनेस, फिजिकल फिटनेस, आध्यात्मिक उत्थान और मजेदार मनोरंजन को जोड़ता है जिससे लोग रुक सकते हैं, सांस ले सकते हैं और खुद को फिर से खोज सकते हैं।

# कोरे वादे नहीं धरातल पर दिख रहा परिवर्तन: विकास शर्मा

## महापौर ने कई वार्डों में किये विकास कार्यों के ताबड़तोड़ शिलान्यास

रूद्रपुर। नगर के समग्र विकास को गति देने के संकल्प के साथ महापौर विकास शर्मा ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों में ताबड़तोड़ शिलान्यास कर करोड़ों रूपये के निर्माण कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर शहरवासियों ने महापौर का जगह-जगह फूलमालाओं से स्वागत कर उत्साहपूर्ण समर्थन जताया। कई स्थानों पर उनके पहुंचने पर "विकास शर्मा जिंदाबाद" और "मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिंदाबाद" के नारों से माहौल गुंजायमान हो उठा। महापौर ने विकास यात्रा को आगे बढ़ाते हुए वार्ड 40 में पार्षद वीनू सिंह के साथ सिडकुल मटकोट फार्म स्थित शिव मंदिर परिसर में छठ पूजा घाट निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इसके अलावा महापौर ने वार्ड 11 खेड़ा पहुंचकर जहां पार्षद नीतू राय के साथ श्री दुर्गा मंदिर के निकट क्षतिग्रस्त सड़कों के पुनर्निर्माण कार्यो की नींव रखी। इसी क्रम में वार्ड 23 रम्पुरा में पार्षद अंजलि कोली के साथ सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया गया। वार्ड 21 रम्पुरा में पार्षद गिरीश पाल की उपस्थिति में महापौर ने सलीम डिपो से अनिल कोली के घर तक नाली एवं पुलिया निर्माण का नारियल फोड़कर प्रारम्भ किया। इसके अलावा वार्ड 26 मॉडल कॉलोनी में पार्षद श्रीमती शन्नो के साथ सीसी सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ कराया गया। शिलान्यास कार्यक्रमों के दौरान महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर में विकास की एक नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में विकास अब कागजों पर नहीं, जमीन पर दिख रहा है। महज आठ माह में अनेक ऐसे कार्य पूरे हुए हैं जो वर्षों से पूरे नहीं हो पाये थे। उन्होंने बताया कि नगर निगम अब केवल सड़क, नाली और सफाई तक सीमित नहीं है। समाज कल्याण, श्रम कार्ड, आधार कार्ड सहित कई जनकल्याणकारी सेवाओं को निगम से जोड़ा गया है। आने वाले समय में और भी कई सरकारी सेवाएं नगर निगम के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। महापौर ने कहा कि सिंह कॉलोनी में पहला आयुष्मान आरोग्य केंद्र शुरू हो चुका है तथा शहर में ऐसे सात और नि:शुल्क स्वास्थ्य केंद्र खोलने की तैयारी चल रही है। उन्होंने कहा कि इससे आम जनता को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी और सरकारी अस्पतालों का भार कम होगा।मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को अब झोला-छाप डॉक्टरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। महापौर ने कहा कि पिछली बोर्ड की बैठक में लिये गये निर्णय को लगभग धरातल पर उतारा जा चुका है। अब तीसरी बोर्ड की बैठक में पारित हुए प्रस्तावों को पूरा करने के लिए नगर निगम ने तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम बोर्ड ने इस बार करीब 70 से अधिक कामों को मंजूरी दी है, इनमें कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जिनसे पूरे शहर की दशा और दिशा बदल जायेगी। महापौर ने कहा नगर निगम में जीरो टॉलरेंस के आधार पर पारदर्शिता से विकास कार्यो को धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होनें सख्त लहजे में कहा कि नगर निगम के कार्यों में कहीं भी लापरवाही और अनियमितता सामने आई तो समबंधित ठेकेदार और अधिकारी कर्मचारियों को बख्शा नहीं जायेगा। महापौर ने कहा कि शहर को स्मार्ट सिटी बनाना मेरी प्राथमिकता है और इसके लिए दिन रात काम करके नई-नई योजनाओं को तैयार किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि उनका एक एक पहल शहर ओर शहर की जनता के लिए समर्पित है। जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए ही वह रोजाना मॉर्निंग वॉक के बाद शहर के अलग अलग हिस्सों में जाकर समस्याओं को खुद मौके पर जाकर देख रहे है ओर शहर की भलाई के लिए लोगों के सुझाव भी ले रहे हैं। महापौर ने कहा कि शहर में अब जनता के हितों की अनदेखी नहीं होने दी जायेगी और शहर को अव्यवस्थित और नियमों की अनदेखी करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जायेगा। इन कार्यक्रमों में महापौर के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, मंडल मंत्री श्रीमति ममता जीना, मंडल कोषाध्यक्ष ललित गोयल, भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री स्वाति शर्मा पार्षद एवं पार्षद संघ के अध्यक्ष राजेश जग्गा, पार्षद पवन राणा, पार्षद एम पी मौर्य, पार्षद प्रतिनिधि राजू कोली, पार्षद प्रतिनिधि संतोष गुप्ता,पार्षद गिरीश पाल, पूर्व वाइस चेयरमैन नाथूलाल गुप्ता, पूर्व सभासद हरपाल सिंह, कमल श्रीवास्तव, भाजपा नेता राज कोली,नामित पार्षद राजकुमार कोही , अजय पाल, राकेश दिवाकर, सलीम, रमेश गुप्ता, रवि गुप्ता, कमल, विजेंद्र सागर, जितेंद्र मौर्य जी, मोहित, रोहित पाल ,पार्षद अंजली कोली,पार्षद चंद्रसेन चंदा पार्षद दर्शन कोली,पार्षद वीनू,निवर्तमान नामित पार्षद राजकुमार कोली,यादराम कोली,डॉ0 महेश कोली त्रिलोक कोली रामसेवक कोली,भूरी देवी,चंद्रकली देवी, बिटोला देवी,माया देवी,कांति कोली,लक्ष्मी देवी, निंदा देवी,शिव देवी,सुमित्रा देवी,सुनीता देवी,गायत्री देवी,पूनम देवी,परमानंद, दिनेश कोली,लीलाधर कोली,शंकर कोली,राजेश कोली,ओमपाल कोली,रमेश कोली,हरीश कोली,भगीरथ कोली, भाजयुमो नेता बिट्टू चौहान आदि रहे।







# आरएएन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस की धूम

रूद्रपुर।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलन तथा मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एच.के. राय और विशेष अतिथि प्रबंधक मोहित राय एवं कर्नल एस. के. सेहगल के स्वागत से हुई। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने सच्ची खेल भावना के साथ भाग लेने की शपथ ली। मार्च पास्ट, ताइक्वांडो, ड्रिल और योग प्रदर्शन ने दर्शकों को आकर्षित किया। खेल दिवस के विशेष आकर्षण के रूप में चारों हाउसेज द्वारा प्रस्तुत पिरामिड प्रदर्शनों ने टीमवर्क, भरोसा और संतुलन का शानदार उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त, नृत्य प्रस्तुति और मधुर गीत ने पूरे वातावरण में जोश, उत्साह और मधुरता भर दी, जिससे कार्यक्रम और भी जीवंत हो उठा। विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं, टग ऑफ वॉर और रिले रेस में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता छात्रों को स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। त्रिशूल हाउस को सर्वश्रेष्ठ हाउस घोषित किया गया, जबकि स्पोर्ट्स मीट में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु चेतक हाउस को ट्रॉफी प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ एथलीट को भी ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एच.के. राय, प्रबंधक मोहित राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भानोट ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, एकता और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ने मुख्य अतिथियों और स्कूल प्रबंधन का विद्यार्थियों को प्रेरित करने और अपना बहुमूल्य समय देने के लिए धन्यवाद किया। आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल ने सभी प्रतिभागी छात्रों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।








# डा.चंदोला ने योग गुरु बाबा रामदेव से की मुलाकात

रुद्रपुर। चंदोला होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के एम.डी. तथा वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. के.सी. चंदोला ने योग गुरु बाबा रामदेव से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुलाकात के दौरान दोनों ने उत्तराखंड को 'आयुष प्रदेश' के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान विशेष रूप से इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि राज्य में आयुष,



आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, होम्योपैथी और यूनानी प्रणाली को किस प्रकार मजबूती दी जाए तथा इनके संस्थागत और व्यावहारिक ढांचे को किस तरह विस्तार दिया जा सके। डॉ. चंदोला और बाबा रामदेव के बीच यह भी चर्चा हुई कि उत्तराखंड की प्राकृतिक परिस्थितियाँ, वनस्पतियाँ और औषधीय संपदा आयुष पद्धतियों के विकास के लिए बेहद उपयुक्त हैं। ऐसे में राज्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयुष हब के रूप में पहचान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। डा. चंदौला ने बाबा रामदेव को अपने कालेज के बारे में भी विस्तार से बताया।

# नगर निगम तीन स्थानों पर स्थापित करेगा ईवी चार्जिंग स्टेशन

हल्द्वानी। नगर निगम बोर्ड की बैठक शुक्रवार को गजराज सिंह बिष्ट महापौर नगर निगम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । जिसमें 03 विशेष प्रस्ताव क्रमशः नव सम्मिलित क्षेत्रो में व्यवसायिक भवनों पर कर जमा करने की तिथि 31 दिसम्बर तक बढाई गई, निगम कार्यलय का विस्तार 6.94 करोड़ में किये जाने एंव एसटीपी प्लांट से पाईप लाईन 1.10 करोड़ से डाले जाने पर विचार किया गया। साथ ही निगम की दुकानो के प्रथम तल को आवंटन किये जाने, कृष्णा कत्था फैक्ट्री में कैम्प कार्यलय बनाये जाने, तथा वहां पर रह रहे लोगो को अन्यत्र बसाये जाने, एसडीएम कार्यलय को नमो भवन में शिफ्ट होने के बाद नगर निगम को हस्तांरित करने, स्वंय की भूमि में प्राईवेट पार्किगं बनाने की अनुमति, निगम की दुकानों का किराया छुट हेतु 2 माह की वृद्धि, निगम की दुकानों का अनुबन्ध एंव नवीनीकरण, निगम के खोड़ वाले स्थान पर मीट मार्केट खोलने, मंगल पड़ाव पर वेन्डिग जोन बनाये जाने, वर्कशॉप लाईन में दुकान निर्माण,छतरी चौराहे पर पुस्तकालय निर्माण,बरेली रोड नवीन मण्डी के सामने दुकान निर्माण, इ.वी वाहनों हेतु 3 स्थानों पर चार्जींग स्टेशन, शनि बाजार स्टेशन पर चबुतरा निर्माण, कटघरिया चौराहे पर दुकान एंव लेबर शेड निर्माण, बॉयोमेट्रीक मशीन शत प्रतिशत उपस्थिति, निगम द्वारा निग्रत किये जाने वाले प्रमाण पत्रों हेतु यूजर चार्ज रसीद अनिवार्य, जजी कोर्ट के पास आर्चल का मिल्क केफे निर्मित, कैनाल रोड का नाम जगत सिंह पागंती किये जाने, कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड बनाये जाने, रजत जयंती पर किये गये कार्य, निगम पार्षदों को अन्य राज्य में शैक्षिक भ्रमण एंव निगम द्वारा बनाये गये उप विधिया सर्व समय से स्वीकार किये गये। बैठक में राजेन्द्र नगर वार्ड 12 की पार्षद प्रीति आर्या ने जनहित से जुड़े तमाम मुद्दों को उठाया। पार्षदों से एजेंडा में रॉय न लेने विकास की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। प्रीति आर्या ने पार्षदों को विकास निधि मानदेय देने, नए छोटे कूड़ा वाहन खरीदने,लघु उद्योग स्थापित करने, राजेन्द्र नगर वार्ड 12 की सड़कों नालियों के निर्माण करने, सौर ऊर्जा की लाइटें, राजपुरा के सरकारी स्कूलों की व्यवस्थाओं को ठीक करने जैसे तमाम मुद्दों को नगर निगम सदन में उठाया।प्रीति आर्या ने कहा पूर्व में आयोजित बोर्ड बैठक पास हुए तमाम प्रस्तावों पर काम न होना सदन की अवहेलना है जनहित में तेज गति से सभी वार्डों में काम होना चाहिए।साथ ही चेतावनी दी अगली बोर्ड बैठक से पहले तक सभी प्रस्ताव पर काम नहीं हुआ बहिष्कार करेंगे। बैठक में परितोष वर्मा नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी,लेखाधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, कर अधीक्षक व 43 पार्षद उपस्थित रहे। महापौर ने बैठक में आए सभी पार्षद गण तथा अधिकारी वर्ग कर्मचारी का आभार व्यक्त किया।





## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# राज्यपाल और राष्ट्रपति की मंजूरी

राज्यों की विधानसभा में पारित विधेयकों को लेकर राज्यपाल और राष्ट्रपति की स्वीकृति के मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो व्यवस्था दी है, उसे देश के संघीय ढांचे में शक्ति संतुलन के लिए राह निकालने की कोशिश के रूप में देखा जा सकता है। इसे लेकर काफी समय से स्पष्टता की जरूरत महसूस की जा रही थी कि अगर विधानसभा में किसी विधेयक को पारित कर दिया गया है तो राज्यपाल उसे मंजूरी देने को लेकर कितना समय ले सकते हैं। तमिलनाडु में यह मुद्दा ज्यादा मुखर रूप में सामने आया, जहां राज्य की द्रमुक सरकार और राज्यपाल नीतिगत मामलों को लेकर आमने-सामने देखे गए। इसी संदर्भ में स्पष्टता के लिए राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट से सलाह मांगी थी। अब शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों को मंजूरी देने के मामले में राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा तय नहीं कर सकती।मगर अदालत ने यह भी कहा कि राज्यपाल विधानसभा से पारित हुए विधेयकों को अनंतकाल तक अपने पास लटकाए नहीं रख सकते। लंबे समय तक देरी या बिना वजह बताए रोके रखने के मामलों में अदालतें राज्यपाल के विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए सीमित निर्देश जारी कर सकती हैं।राष्ट्रपति के अधिकारों के मामले में एक तरह से शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत को ध्यान में रखा है, लेकिन साथ ही संघीय ढांचे की अहमियत को दर्ज करते हुए स्थिति स्पष्ट की है कि राज्यपाल पारित विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखने की छूट नहीं ले सकते। इस तरह देखें तो कहा जा सकता है कि राज्य में निर्वाचित सरकार ही मुख्य भूमिका में होगी और सत्ता के दो केंद्र नहीं हो सकते। दरअसल, अनेक मौकों पर ऐसे विवाद सामने आते रहे हैं कि जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, वहां विधानसभा में पारित होने के बावजूद विधेयकों को मंजूरी देने के मामले में राज्यपाल नाहक देरी करते हैं। तमिलनाडु में इस विवाद ने तूल पकड़ लिया था। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तेलंगाना और केरल जैसे राज्यों में भी कम से कम तैंतीस विधेयकों के विधानसभा से पारित होने की खबरें आई हैं, जो राज्यपाल या राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए लंबित हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि अगर किसी राज्य में विधानसभा ने एक विधेयक को उचित प्रावधानों का पालन करते हुए पारित किया है तो जनहित के मद्देनजर उस पर राज्यपाल की स्वीकृति मिलनी चाहिए। अगर नियमों की कसौटी या अन्य आधार पर विधेयक में कोई तकनीकी त्रुटि है, तो उसकी वजह बता कर उसे वापस करना या प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का विकल्प अपनाना चाहिए। मगर बिना किसी मजबूत आधार या स्पष्टता के किसी विधेयक को जरूरत से ज्यादा वक्त तक लंबित रखा जाता है तो उसकी अहमियत कम भी हो सकती है। इससे राज्य और संघ के बीच नाहक टकराव की स्थिति भी बन सकती है, क्योंकि कई बार राज्यपाल पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगता रहा है।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री ने दिया बार एसोसिएशन की विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अध्यक्ष संघर्ष समिति बार एसोसिएशन प्रेमचंद शर्मा एवं अध्यक्ष बार एसोसिएशन देहरादून श्री मनमोहन कंडवाल के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने नए जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं हेतु आवंटित भूमि पर तथा पुराने जिला जजी परिसर की भूमि अधिवक्ताओं के पक्ष में आवंटित करने व दोनों स्थानों पर सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के चौंबर के निर्माण कराए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आपसी वार्तालाप एवं विचार-विमर्श से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में हम सबको सहयोगी बनना होगा राज्य आंदोलन के वे स्वयं साक्षी रहे हैं, इसमें अधिवक्ताओं का भी योगदान रहा है। हम सबको राज्य के वित्तीय संसाधनों पर भी ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कारी द्वारा प्रस्तुत आख्या एवं समस्याओं के समाधान से संबंधित बिंदुओं को कैबिनेट में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के चौंबर निर्माण के लिए राज्य बाद सभी पदाधिकारी संतुष्ट नजर आए तथा मुख्यमंत्री का आभार भी जताया। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश बगौली, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के साथ बार



प्रशासन और अधिवक्ताओं की समिति गठित की जाए, इसमें किसी आर्किटेक्ट को भी शामिल कर कोई सर्वमान्य हल निकल जाने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में जिलाधि सरकार भी आर्थिक सहयोग करेगी उन्होंने अधिवक्ताओं से सांसदों एवं विधायक गणों से भी सहयोग की मांग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे स्वयं भी पहल करेंगे। मुख्यमंत्री के आश्वासन के एसोसिएशन के अधिवक्ता राजबीर सिंह बिष्ट, मनमोहन लाम्बा, चन्द्रशेखर तिवारी, राजीव शर्मा, राजेश कुमार आर्य, अनुज शर्मा, अनिल पंडित, रंजन सोलंकी, व भानू प्रताप सिसोदिया उपस्थित थे।

# उच्चाधिकार प्राप्त व्यय समिति की बैठक में सात परियोजनाओं को स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)।मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त व्यय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़ी हुई विभिन्न परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया तथा सात परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई।मुख्य सचिव ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए तथा उनकी बेहतर गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए।बैठक में यूआईडीबी के हरिद्वार के रोड़ी बेलवाला



क्षेत्र का पुनरुद्धार व सती कुंड और आसपास के क्षेत्र के विकास से संबंधित प्रोजेक्ट को अनुमोदित किया गया। ऋषिकेश में आस्था पथ सौंदर्यकरण से संबंधित प्रोजेक्ट को अनुमोदित किया गया। लोक निर्माण विभाग से संबंधित राज्य योजना के अंतर्गत देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अंतर्गत देहरादून- किमाडी लंबीधार-कार्ट मैकेंजी-कंपनी गार्डन मोटर मार्ग के किलोमीटर 1 से 24 (सप्लाई कैंट से लंबीधार बासागाड़ मसूरी) तक सिंगल लेन से इंटरमीडिएट लेन में परिवर्तन हेतु अतिरिक्त पहाड़ कटान क्रॉस ड्रेन एवं दीवारों के निर्माण कार्य से संबंधित प्रोजेक्ट का अनुमोदन किया गया तथा देहरादून में महाराणा प्रताप चौक से 6 नंबर पुलिया रोड तक के चौड़ीकरण का अनुमोदन किया गया।कुंभ और पेयजल विभाग से संबंधित हरिद्वार में पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर बिल्डिंग निर्माण तथा गृह विभाग और पेयजल विभाग से संबंधित प्रोजेक्ट हरिद्वार में अभियोजन विभाग के कार्मिकों हेतु टाइप द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ आवास के निर्माण परियोजना की स्वीकृति दी गई।बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, पंकज पांडेय व श्रीधर बाबू अदांकी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# बंगाली समाज के आंदोलन को मिला पूर्व सीएम हरीश रावत का समर्थन

शक्तिफार्म(उदसंवाददाता)। सितारगंज के सिडकुल फेज-2 में मत्स्य पालन विभाग की प्रस्तावित एक्वा पार्क परियोजना के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान के खिलाफ चल रहे नौवां दिन शुक्रवार को बड़े राजनीतिक रंग में उभर आया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत धरना स्थल पर पहुंचे और बंगाली समाज के संघर्ष को खुला समर्थन दिया। जनसमूह को संबोधित करते हुए रावत ने कहा कि बंगाली भाइयों की यह लड़ाई अब हम लड़ेंगे, कांग्रेस इस संघर्ष में आपके साथ चट्टान की तरह खड़ी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पलसिया के परिवारों को हटाने का निर्णय किसी अधिकारी या मंत्री का व्यक्तिगत फैसला नहीं है, यह केवल कैबिनेट का निर्णय है, और इसे बदलने का अधिकार भी केवल कैबिनेट के पास ही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी मंत्री या नेता के दबाव में गलत कार्यवाही करने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच पाएंगे। रावत ने यह भी कहा कि कानून किसी को जबरन नहीं हटा सकता जब तक उन्हें वैकल्पिक जमीन, मकान और समुचित सुविधाएँ न दी जाएँ। उन्होंने याद दिलाया कि पलसिया में बसे बंगाली परिवारों को भारत सरकार के पुनर्वास कार्यक्रम के तहत बसाया गया था, इसलिए उनके अधिकारों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। रावत ने भाजपा नेता मुन्ना सिंह चौहान पर व्यंग्य कसते हुए कहा कि चौहान इतिहास नहीं जानते, वे सिर्फ भाजपा की किताबों में उलझे हुए हैं। अगर ऐसे लोग कांग्रेस में होते, तो हम उन्हें 'झुनझुना सिंह' बना कर बाहर कर देते। इसके साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा और कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग अपनी जनता की लड़ाई नहीं लड़ सकते, वे जनता के नेता कैसे हो सकते हैं। धरना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने रावत के संबोधन के दौरान जोरदार समर्थन जताया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, उत्तम आचार्य, नवतेज पाल सिंह, हरीश दुबे, भवतोष आचार्य, राम नगीना प्रसाद, रामचंद्र राय, पूर्व विधायक नारायण पाल, प्रेमानंद महाजन, डॉ. गणेश उपाध्याय, त्रिनाथ विश्वास, तारक बाछाड़ सहित कई लोग मौजूद रहे।





# विजडम पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

रुद्रपुर। विजडम पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, गंगापुर रोड में संस्थापक स्व. श्री गिरीश कुमार श्रीवास्तव की स्मृति में 17वां 'लिखित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025' आयोजित किया गया। इस वर्ष परीक्षा में शहर के 25 प्रतिष्ठित स्कूलों के कुल 255 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें 245 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. श्वेता मधवाल ने सभी प्रतिभागियों, स्कूलों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों, अध्यापक-अध्यापिकाओं और अभिभावकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग और उत्साह परीक्षा को सफल बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस साल परीक्षा में भाग लेने वाले स्कूलों में दी ऑक्सफोर्ड एकेडमी, स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल, पुलिस मॉडर्न स्कूल, नेशनल पब्लिक स्कूल, ट्रेंडर सोल्स पब्लिक स्कूल, ई.एल.पी. एस. स्कूल, भंजुराम अमर इंटर कालेज, अमर इंटरनेशनल स्कूल, माम्स प्राइड स्कूल, जनता इंटर कालेज, गुरुकुल इंटर कालेज, आस्था जूनियर हाईस्कूल, इण्यिन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, शील विद्या निकेतन जूनियर हाईस्कूल, विजडम पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आशुतोष विद्या मंदिर इंटर कालेज, शिव सर्च इंटर कालेज, ग्रीन वर्ल्ड हाई स्कूल, जी.एस.एम. पब्लिक स्कूल, किड्स करियर पब्लिक स्कूल, डिजिटल वर्ल्ड स्कूल, नवप्रभात विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल, गोल्डन ड्रीम पब्लिक स्कूल, केशव विद्या मंदिर और रविन्द्र जूनियर हाईस्कूल शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री गोपाल सिंह पटवाल, श्रीमती उषा मिश्रा, श्री नरेन्द्र सिंह रावत, श्री देव मंडल, श्रीमती टीना दास, श्री अजय मिश्रा, श्रीमती पूनम आर्या, श्री विमल चौधरी, श्रीमती मंजू नेगी, श्रीमती निधि पांडेय, श्रीमती प्रेमलता सिंह, श्रीमती गीता अधिकारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# शहर की सड़कों से फड़, खोखा, ठेले हटाएं

सितारगंज।नगरीय क्षेत्र की सड़कों से फड़, खोखे, ठेले हटाकर पुलिस ने यातायात सुगम कर दिया है जिससे शहर की सड़कें चौड़ी हो गई हैं। इससे शहरी क्षेत्र में व्यवस्थाएं व्यवस्थित होकर सुंदरम दिखने लगी हैं। शहरी क्षेत्र में सौंदर्यकरण के बाद सड़के चौड़ी कर दी गई थीं। लेकिन नाले के बाहर सड़कों पर दोबारा फड़, खोखे ठेले लगाने से सड़कें संकरी हो गई थीं। इस कारण शहर में यातायात व्यवस्था बिगड़ गई थीं। जिससे अक्सर शहर के किच्छा रोड खटीमा रोड, सिडकुल रोड में जाम की स्थिति बनी रहती हैं। हालत यह थे कि बाजार में आने वाले लोग डिवाइडरों के बीच में टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन लगाकर सड़कों को ही पार्किंग स्थल बनाएं हुए थे। यातायात व्यवस्था की बिगड़ी परिस्थिति के कारण आमजन को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही थी। कोतवाल सुंदरम शर्मा ने चार्ज लेते ही प्राथमिकता में शहर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए अभियान शुरू किया। उन्होंने सर्वप्रथम व्यापारियों को दुकानों के आगे सड़कों को खाली करने की सलाह दी। इसके बाद नाले के बाहर सड़कों का गला घोंट रहे फड़, खोखा, और ठेली वाले दुकानदारों को सख्त से विधायक दी जिसके बाद सड़कों को घेरने वाले अवैध अवैध कब्जेदारों ने सामान समेटकर सड़कों को खाली कर दिया और नाले के ऊपर व्यवस्थित हो गए। कोतवाल सुंदरम शर्मा की इस पहल के बाद नगरीय क्षेत्र की सड़क अतिक्रमण मुक्त होकर व्यवस्थित होती दिख रही हैं। जिसकी आमजन हर तरफ प्रशंसा कर रहा है।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817

# समाजसेवी गावा का 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान जारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' कार्यकम के तहत रविन्द्रनगर में हुई बैठक में नशे के मामले पर चर्चा, विचार विमर्श एवं निराकरण के उपाय आदि बिंदुओ पर केन्द्रित वार्ता में मातृशक्ति नें नशे से टूट रही अर्थव्यस्था का मामला प्रमुख रूप से उठाते हुये इसके खिलाफ एकजुट होनें की मुहिम को अपना समर्थन देकर बूथ कमेटी बनानें का निर्णय लिया। रविन्द्र नगर की बैठक का आयोजन समाजसेवी एस.पी. सरकार के संचालन तथा संजय सरकार की अध्यक्षता में काली मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक को सबोंधित करते हुये समाजसेविका मलिना नें कहा कि नशे का असर सिर्फ नशा करने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार, खासतौर पर मातृशक्ति पर गहरा आर्थिक बोझ डालता है। महिलाएँ परिवार की रीढ़ होती हैं, और जब घर का कोई सदस्य नशे की चपेट में होता है, तो सबसे ज्यादा आर्थिक कष्ट उन्हें उठाने पड़ते हैं। नशा करने वाला व्यक्ति अक्सर काम पर ठीक से ध्यान नहीं दे पाता, नौकरी छूट जाती है या कमाई कम हो जाती है। इसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ता है। समाजसेविका मोनिका ढाली ने कहा कि एक बार घर के बालक या पुरुष के नशे की चंगुल में आ जाने से महिलाओं को घर का खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। बच्चों की पढ़ाई व जरूरतों में कटौती व घर के जरूरी सामान तक खरीद पाने में दिक्कत होती है। समाजसेवी एस.पी. सरकार नें कहा कि नशे पर खर्च होने वाला जो पैसा घर की जरूरतों पर लगना चाहिए, वह नशे में बर्बाद हो जाता है। इससे महिलाएँ उधार लेने को मजबूर होती हैं, घर की बचत खत्म होती है अक्सर छोटे-छोटे खर्च भी भारी लगने लगते हैं।



इसलिये हमें नशे के खिलाफ 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स की मुहिम को समर्थन देकर अपने घर की अर्थव्यवस्था को भी बचाना है और समाज को भी बचाना है। समाजसेवी संजय हालदार नें कहा कि पूरे रविन्द्र नगर के युवाशक्ति को समाजसेवी सुशील गाबा के 'रूद्रपुर अगेंस्ट ड्रग्स' अभियान से जोड़ा जायेगा तथा वार्ड में पदयात्रायें निकालकर नशे के कारोबार की जड़ें उखाड़ दी जायेंगी। जब जब युवा जागा है, तब तब ऐसे समाजविरोधी तत्वों को रविन्द्र नगर से खदेड़ा गया है। इस दौरान समाजसेवी सुशील गाबा, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश तनेजा, हैप्पी रंधावा, एस.पी. सरकार, संजय हालदार, समाजसेविका मोनिका ढाली, चन्दना हालदार, मलिना, मनीष कुमार, सूरज भान, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष जावेद अख्तर, पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्षा नेहा सामंत, विद्युत बैरागी, बालीराम, रूबी आदि उपस्थित रहे।

# बंगाली परिवारों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा: दिलीप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम प्रहलाद पलसिया मे बंगाली कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी के नेतृत्व में समिति के कई पदाधिकारियों व सदस्यों ने पहुंचकर बंगाली समाज के पांच पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और कहा कि समिति किसी भी दशा में उत्पीड़न नहीं होने देगी। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने प्रदेश कबीना मंत्री सौरभ बहुगुणा को कहा कि उक्त गरीब परिवार विगत 45 वर्षो से इस जंगल की भूमि को उपजाऊ करके अपनी गुजर बसर कर रहा है। इनको सर छुपाने हेतु और गुजर बसर हेतु जंगल के किसी कोने में दो-दो एकड़ भूमि इन पांच परिवार को शासन से स्वीकृत करा दें ताकि वह परिवार उजड़ने से बच जाए और वहां पर एक्वा पार्क से भी किसी को कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बंगाली समाज के किसी भी परिवार का उत्पीड़न नहीं होने दिया जायेगा।इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वास, विकास मल्लिक, परिमल राय, दीपक कीर्तनीय, गोविंद राय, रविंद्र धर, कृष्ण पद विश्वास, रमेन विश्वास, विश्वजीत मंडल, शंकर चक्रवर्ती, समीर राय, मोनिका ढाली, श्रीपद मंडल, रामचंद्र राय, सुमित मंडल, सुमित रॉय, शुभम दास, शुभम स्वर्णकार, तपन मंडल, सुभाष सरकार, सुभाष स्वर्णकार, अभिजीत हालदार आदि मौजूद थे।



# संयुक्त टीम ने मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शचि शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा, पूजा जोशी ड्रग इंस्पेक्टर अल्मोड़ा, चिकित्सा अधिकारी भतरौजखान डा0 शैलेंद्र डागर, डा0 भावना, डा0 दीपक शर्मा द्वारा सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान के अनुक्रम में रानीखेत से मझखाली तक के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं के क्रम में 16 मेडिकल स्टोरो से सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।एक मेडिकल स्टोर के लाइसेंस की निलंबन की संस्तुति की गई।कुछ मेडिकल स्टोरों में एक्सपायरी बॉक्स नियमानुसार नहीं बनाए गए थे, कैश मेमो मैंटेन नहीं किए जा रहे थे, फिरज बंद करके उसमें टेटनस के इंजेक्शन रखे गये थे एवं एक्सपायर्ड दवाइयाँ फ्रिज में स्टोर्ड पायी गई जो की जन स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।मेडिकल स्टोरों में नियमानुसार फिरज का टेम्परेचर मैंटेन कर दवाइयाँ रखने, एक्सपायर्ड दवाइयाँ न बचने, कैश मेमो मैंटेन करने, लेबल्ड एक्सपायरी बॉक्स बनाने, सभी ग्राहकों को बिल उपलब्ध कराने आदि निर्देश मेडिकल स्टोर संचालकों को दिए गये।



# टेंपो और मैजिक चालकों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

## यातायात दुरुस्त बनाने के लिए वाहन चालकों की कमेटी का गठन

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कोतवाली में टुकटुक चालकों मैजिक चालकों एवं टेंपो चालकों की एक बैठक आहूत की गई जिसमें यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि टुकटुक चालकों मैजिक चालकों एवं टेंपो चालकों तीनों के संगठनों से पांच-पांच लोगों की एक संयुक्त कमेटी बनाकर नगर में यातायात संचालन व्यवस्था को सुधारने के लिए निर्णय लिया जाएगा इसके अलावा यह भी तय किया गया कि टुकटुक चालक टुकटुक लेकर के हाईवे पर जाने पर रोक लगाई जाएगी। नवनियुक्त कोतवाल प्रकाश सिंह दोनों द्वारा आज शिक्षा कोतवाली में प्रथम बार यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए यातायात में रोड़ा बने टुकटुक चालकों टेंपो चालकों एवं माया चालकों की एक बैठक आहूत की तथा उनसे यातायात को दुरुस्त करने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया। कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दोनों ने स्पष्ट किया कि बगैर लाइसेंस के बगैर रजिस्ट्रेशन के एवं बगैर सत्यापन के किसी को भी वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन भी चालकों की रजिस्ट्रेशन नंबर ड्राइविंग लाइसेंस बीमा सहित तमाम अभिलेख दुरुस्त नहीं है वह सभी अपने अभिलेखों को दुरुस्त कर ले उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक तू चालक अपनी विशेष ड्रेस कोड को रात्रि में अवश्य पहनेगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में यह भी तय किया गया कि किसी भी वहां में ओवरलोड सामान लाने की अनुमति नहीं होगी उन्होंने कहा कि टुकटुक चालक घरेलू सामान के अलावा अन्य किसी प्रकार का भारी समान टुकटुक में नहीं ला देंगे ऐसा करने पर पकड़े जाने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया कि टुकटुक चालक हाईवे पर जाने से अपने को बचाएं क्योंकि हाईवे पर टुकटुक चालकों की आवाजाई को रोका जा रहा है उन्हें टुक टुकों को हाईवे पर जाने दिया जाएगा जो बाहर से अंदर आ रहे हैं या अंदर से बाहर जा रहे हैं सवारी की आवाज आई करने वाले टुकटुक चालकों के खिलाफ हाईवे पर कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा यह भी तय किया गया कि टेंपो चालक एवं टुकटुक चालक रात्रि में रिफ्लेक्टर युक्त जैकेट का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा शराब पीकर या अन्य किसी भी प्रकार का नाश कर वाहन चलाते हुए पाए जाने पर ववाहन सीज एवं लाइसेंस निरस्त करने की भी कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू , एस आई मनोज कुमार भर्तवाल, एस आई लालपुर चौकी इंचार्ज बसंत कुमार , नितिन चरण वाल्मीकि, दर्शन कुमार, टेंपो चालक, टुक टुक चालक, कांस्टेबल देवराज आदि उपस्थित थे।



# पेज एक का शेष...

**किताबों का कोई विकल्प...**धामी ने कहा कि राज्य बनने के बाद उत्तराखंड ने एक लंबा राजनीतिक अस्थिरता का दौर भी देखा, जिसका प्रभाव विकास की गति पर पड़ा। रावत जी ने इस संपूर्ण कालखंड का प्रामाणिक प्रस्तुतिकरण करते हुए दुर्लभ दस्तावेजों और प्रेस कतरनों की मदद से एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक संकलन तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास लिखना एक गंभीर दायित्व है, जिसमें तथ्य, दृष्टि और ईमानदारी का होना आवश्यक है। श्री रावत जी ने पत्रकारिता की निष्ठा और निर्भीकता के साथ इस कालखंड को सहेजने का कार्य किया है। पुस्तक अध्ययन पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के इंटरनेट युग में जानकारी तत्काल उपलब्ध हो जाती है, लेकिन किताबों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे विचारों को गहराई देती हैं और ज्ञान को स्थायी रूप से संजोती हैं। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि किसी भी कार्यक्रम में 'बुके नहीं, बुक दीजिए'। इससे जहां पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ेगी, वहीं लेखकों को भी प्रेरणा मिलेगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस तेजी से बदलते दौर में तकनीक का उपयोग आवश्यक है, लेकिन इसके साथ ही अपनी गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों को सुरक्षित रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा में भाषा कंटेंट, साहित्य, और लोक परंपरा से जुड़े कार्यों को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार भी इस दिशा में गंभीरता से प्रयास कर रही है तथा नई पीढ़ी के कंटेंट क्रिएटर के लिए इस दिशा में प्रतियोगिताएं आयोजित कर रही है द्य उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर स्थानीय भाषाओं में लेखन, गीत-संग्रह, शोध और डिजिटल कंटेंट तैयार करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और सम्मान दिए जाने की दिशा में सरकार सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाषा, संस्कृति और रीतिख्ररिवाज केवल अभिव्यक्ति के माध्यम नहीं, बल्कि हमारी पहचान और विरासत की नींव हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम अपनी बोली-भाषाओं का संरक्षण करें और आने वाली पीढ़ियों में इनके प्रति गर्व की भावना विकसित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की नई पीढ़ी को यह बताना बहुत जरूरी है कि हमारे पूर्वजों ने कितनी कठिनाइयों और संघर्षों के बीच अपनी परंपराओं, सामाजिक मूल्यों और भाषा को बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जब बच्चे अपनी जड़ों को समझते हैं, तो उनमें आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना मजबूत होती है। पुस्तक पढ़ने की आदत पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि एआई कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, पुस्तकों को रिप्लेस करने का कोई अवसर नहीं है। पुस्तकें केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि सोचने, समझने और सीखने की एक गहरी प्रक्रिया हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घरों, विद्यालयों और समुदायों में स्थानीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा दें तथा साहित्य और लोक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भाषा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अनेक नई पहलें प्रारंभ कर रही है और आगे भी इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्थानीय बोली-भाषाओं, साहित्य और पारंपरिक बोलियों के डिजिटलाइजेशन पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी सहित सभी क्षेत्रीय भाषाओं का सांस्कृतिक खजाना सुरक्षित रहे और नई पीढ़ी आसानी से इन तक पहुँच सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यमों पर सामग्री उपलब्ध होने से हमारी मातृभाषाएँ न केवल संरक्षित होंगी, बल्कि आधुनिक समय के अनुरूप और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ेंगी। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल श्री भगत सिंह कोश्यारी, पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत, विधायक श्री बृज भूषण गैरोला, पत्रकार, साहित्यकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**मानवाधिकार हनन के मामले...**अक्टूबर 2025 से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुये कृत कार्यवाही से संबंधितों को अवगत कराने के निर्देश के साथ पुलिस महानिदेशक को भेजा गया है। श्री नदीम ने इस शिकायत में अवगत कराया था कि बासंफोड़ान पुलिस चौकी के पास हुई तथाकथित शर्मनाक घटना के वीडियो वायरल होने के बाद रात 11 बजे से अल्लीखां व थाना साबिक क्षेत्र को बंद करा दिया गया तथा यहां की लगभग 20 हजार जनता को घरों में बंदी जैसा बना दिया गया तथा यह सिलसिला शिकायत की तिथि तक जारी था। रात 11 बजे से ही एक राजनैतिक दल के पोस्टर व फ्लैक्सी में लगे फोटो के आधार पर लोगों को घरों से उठाकर ले जाना शुरू कर दिया गया। फिर सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर आई लव मौहम्मद मार्च में शामिल बच्चों तथा मार्च के बाद अपने घर जा रहे बच्चों, उन्हें देखने आये अन्य व्यक्तियों तथा राहीगीरों यहां तक दुकानदारों तथा उनके दुकान पर मौजूद ग्राहकों को मार्च में शामिल बताकर थाने व पुलिस चौकियों पर ले जाया गया तथा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के अनुसार उनकी अवैध रूप से जमकर पिटाई की गयी। इतना ही नहीं जो बच्चा या बड़ा घर पर नहीं मिला उसके निकट सम्बन्धी को उठाकर ले जाया गया। पांच दिन होने पर भी इनमें से अधिकतर को अवैध रूप से बंदी बनाकर भूखा प्यासा रखा गया हैं तथा उनके परिवार के लोगों तथा उनकी पसंद के अधिवक्ताओं को भी मिलने नहीं दिया गया। इस मामले को तूल देते हुये दरोगा की पिटाई की घटना के लिये लोगों पर इल्जाम लगाते हुये पूरे अल्ली खां, व थानासाबिक क्षेत्र को टारगेट करते हुय थाना साबिक चुंगी से लेकर अल्ली खां, चौराहे तक के काशीपुर के यातायात के प्रमुख मार्ग अल्लीखां, मार्ग को बैरिकैट लगाकर बंद करके पुलिस के जवानों को बैठा दिया गया तथा दुकानों को बंद करा दिया गया। रात को 7 बजे से सुबह 7 बजे तक अघोषित कर्फ्यू लगा दिया गया दुकानों तथा लोगों को घरों से बाहर आने पर पाबंदी लगा दी गयी थी। इसके साथ इस क्षेत्र के घरों की जांच दस बारह लोगों की टीम घर-घर जाकर करायी गयी तथा बिजली के स्मार्ट मीटर लगाये गये तथा राशन कार्डों आदि की भी जांच करायी गयी है। साथ ही नगर निगम अधिकारियों के द्वारा बिना किसी नोटिस के नालियों, नाले तथा उन पर चढ़ने के लिये बनी पैरियों को बुल्डोजर से तोड़ दिया गया जिससे क्षेत्र में गंदगी हो गयी तथा बच्चे व महिलायें घरों से निकल नहीं पा रहे थे। सूचना अधिकार कार्यकर्ता व समाजसेवी नदीम उद्दीन ने दरोगा से पिटाई की निंदा करते हुये वास्तविक दोषियों का पता लगाकर कानून के अनुसार कार्यवाही करने, अल्लीखां थानासाबिक क्षेत्र के 20 हजार लोगों को घरों में बंदी जैसा बनाकर किये गये अवैध उत्पीड़न व मानवाधिकार तथा मूल अधिकार हनन रोकने तथा न्याय दिलाने की मांग मुख्य सचिव उत्तराखंड, सहित विभिन्न प्राधिकारियों को ई-मेल भेज कर की थी।

**पाकिस्तान से लाये...**पिस्टल शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह हथियार आधुनिक गैंगस्टर और अपराधियों के लिए खतरनाक साबित हो सकते थे। इस कार्रवाई से राजधानी में हथियार तस्करी की संभावित बड़ी घटना टल गई।क्राइम ब्रांच का कहना है कि यह मामला केवल चार गिरफ्तारियों तक सीमित नहीं है। पूरे नेटवर्क का पता लगाने और अन्य सहभागी आरोपियों को पकड़ने के लिए जांच जारी है। अधिकारियों ने कहा कि इस कार्रवाई से अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी के खतरनाक नेटवर्क के संचालन में बड़ा झटका लगा है।

**गुलदार का महिला...**ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि पहाड़ में बचे लोग अब केवल सरकार के लिए वोटर बनकर रह गए हैं और वन विभाग उन्हें गुलदारों के लिए शिकार मानता है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं, बड़े अधिकारी मौके पर नहीं आते, बल्कि केवल रेंज अधिकारी या छोटे कर्मचारी भेजे जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 24 घंटों में गुलदार ने दो हमले किए हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है। कई ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को मारने की अनुमति देने की मांग भी की है। उधर, डीएफओ अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि वन विभाग स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कैमरा ट्रैप और पिंजरे लगाए गए हैं और गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि गुलदार की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की भावनाओं को देखते हुए उच्च अधिकारियों से अनुमति मांगी गई है और निर्देश मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**सर्दियों में भी...**पहुंच से दूर ही हैं। खैर, रात- दर- रात गहराती सर्दी के बीच निगाहें अब इस पर रहेगी कि नगर निगम के जिम्मेदारों को बढ़ती ठंड का एहसास कब तक होता है और रैन बसेरे की व्यवस्था को सुचारू और चाक चौबंद होने में अभी और कितना समय लगता है ?

**साइकिल की दुकान...**से पानी लेकर 20 मिनट के भीतर आग पर काबू पा लिया। सुरेश कुमार के अनुसार आग से उनकी दुकान में रखी साइकिल, पंखे और अन्य सामान पूरी तरह जल गए हैं। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को घटना की जानकारी दी गई है, जबकि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड में एक वर्ष तक नहीं बढ़ेगी वाहन फिटनेस फीस

## सीएम धामी ने प्रदेशवासियों को दी बड़ी राहत,धामी के निर्णय की सराहना





देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य सरकार ने उत्तराखंड के वाहन स्वामियों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करते हुए पुराने (15 वर्ष) कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में वृद्धि को आगामी 21 नवम्बर 2026 तक स्थगित कर दिया है। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना सचिव परिवहन श्री बृजेश कुमार संत द्वारा जारी की गई। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में 15 वर्ष पुराने कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में 10 गुना तक की वृद्धि की गई थी। प्रदेश की जनभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि उत्तराखंड के वाहन स्वामियों पर इसका तात्कालिक बोझ नहीं डाला जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार आमजन के हितों को सर्वोपरि रखते हुए ऐसे निर्णय ले रही है, जिनसे जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा जनता-जनार्दन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करती रहेगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प जनता को राहत देना और जनहित में त्वरित निर्णय लेना है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में की गई वृद्धि को देखते हुए हमने इसे उत्तराखंड में एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया है। इस अवधि में पूर्व निर्धारित फीस ही लागू रहेगी। हम नहीं चाहते कि प्रदेश के वाहन स्वामियों और परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों पर अचानक अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़े। आने वाले समय में केंद्र सरकार द्वारा किये जाने वाले पुनरीक्षण के अनुसार ही राज्य में नई दरें लागू की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमारी सरकार जनता के लिए संवेदनशील है। गरीब, मध्यम वर्ग, टैक्सी व ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों का हित सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता है। जनहित के निर्णयों में हम किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देंगे।

# किड्स पैराडाइज स्कूल के छात्र का एनडीए में चयन

दिनेशपुर। किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल के छात्र एनडीए में चयनित होने पर स्कूल प्रबंधक समिति एवं तमाम सामाजिक संस्थाओं ने स्कूल पहुंचकर छात्र का सम्मानित किया। वही दिनेशपुर प्रेस क्लब की ओर से भी छात्र को बुके देकर सम्मानित कियाकिड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल के ध्रुव सिंह राणा का एनडीए में चयन। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली संस्था के उप प्रध ानाचार्य ने स्कूल पहुंचकर अन्य छात्र छात्राओं को संबोधित कर पढ़ लिख कर देश की सेवा का आह्वान किया। नगर के निकटवर्ती दुर्गापुर स्तिथ किड्स पैराडाइस स्कूल से 2024 में 12 वीं पास खटोला गांव निवासी ध्रुव सिंह राणा पुत्र राजेन्द्र सिंह राणा का एनडीए में चयन होने पर स्कूल में खुशी का माहौल बन गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य जी पी होता व प्रबंधक सतिंदर सिंह मान की मौजूदगी में चयनित छात्र को बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वह इस मौके पर दिनेशपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना जी के द्वारा ध्रुव सिंह राणा को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अमित सक्सेना ने कहा क्षेत्र के तमाम छात्र एवं छात्राएं जो भी समाज व क्षेत्र का नाम शिक्षा एवं खेल के जगत में आगे आएंगे उनके लिए दिनेशपुर प्रेस क्लब हमेशा न्यूज समाचार तथा अन्य माध्यम से सहयोग करेंगे। साथ ही सक्सेना जी ने कहा इसके लिए स्कूल प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य का बहुत-बहुत आभार जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र पर क्षेत्र के तमाम छात्रों को भविष्य के संवारने का काम किया है। दिनेशपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती, संरक्षक सरोज मंडल, संरक्षक काजल राय, महामंत्री दिवेन्दु राय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, उपाध्यक्ष लाल बहादुर राय, कोषाध्यक्ष मृत्युंजय सरकार, ऑडिटर प्रकाश अधिकारी, उपसचिव राहुल विश्वास, संजीव गाईन, काली पद विश्वास,नैनी बढई, केशव कुमार, बृज किशोर मंडल, सुब्रतो गोस्वामी,राजीव कालरा आदि मौजूद रहे।



# कड़ी सुरक्षा में होगी मशहूर यूट्यूबर सौरव जोशी की शादी



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मशहूर यूट्यूबर सौरव जोशी अपनी निजी जिंदगी के अहम पड़ाव पर पहुंचने जा रहे हैं और हल्द्वानी के नवाबी रोड निवासी अवंतिका भट्ट के साथ शीघ्र सात फेरे लेंगे। उनकी शादी की तिथि और स्थान सब गुप्त रखा गया है। 26 वर्षीय सौरव से लगभग बीस दिन छोटी अवंतिका के पिता भट्ट जी पंडिताई का कार्य करते हैं, शादी को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी रखी गई है और कार्यक्रम की जगह का खुलासा नहीं किया गया है, सूत्रों के अनुसार विवाह रामनगर की एक सीक्रेट लोकेशन में संपन्न होगा, इस निजी समारोह में केवल पंद्रह बाराती और पांच घराती ही शामिल होंगे, परिवार ने यह कदम हाल ही में मिली भाऊ गैंग की धमकी के बाद उठाया है जिससे आयोजन को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है, सुरक्षा को लेकर सौरव और उनके होने वाले ससुर ने नैनीताल के एसएसपी मंजूनाथ टी.सी. से मुलाकात कर आवश्यक सुरक्षा का अनुरोध किया, एसएसपी ने कार्यक्रम के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, शादी स्थल और मार्गों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई है, परिवार की ओर से कहा गया है कि समारोह पूरी तरह निजी रहेगा और अनाधिकृत लोगों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा, वहीं प्रशंसकों में भी सौरव की शादी को लेकर उत्सुकता बनी हुई है।






# 1.28 किलो चरस सहित तीन नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी के निर्देश पर बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम ने तीन नशा तस्करों को भारी मात्रा में चरस ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वाराअवैध मादक पदार्थो के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा अभियान के दौरान लाइन नंबर 18, वार्ड 25, बनभूलपुरा में संदिग्ध रूप से घूम रहे 3 व्यक्तियों को पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता सतीश चन्द्र आर्या पुत्र किशन राम निवासी ग्राम भुमका, थाना खनस्यू, नैनीताल, ललित मोहन आर्या पुत्र मंगल राम निवासी ग्राम भुमका, थाना खनस्यू, नैनीताल तथा मो. इदरीश पुत्र रहीश अहमद, निवासी वार्ड नम्बर 25, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर तीनों के पास से कुल 01 किलो 281 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने तीनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उ.नि. मनोज यादव, उ.नि. बबीता मेहरा, हे.कानि. गुरमेज सिंह,कानि. दिलशाद अहमद,मो. अतहर, मो. यासीन व शिवम कुमार शामिल थे।



# एसडीएम ने ली मासिक समीक्षा बैठक

गदरपुर(उद संवाददाता)। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी श्रीमती ऋचा सिंह की अध्यक्षता में पटवारियों एवं संग्रह अमीनों की मासिक कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व कार्यों की प्रगति, राजस्व वसूली एवं क्षेत्रीय निगरानी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपजिलाधिकारी ने संग्रह अमीनों को निर्देशित किया कि बड़े बकायेदारों पर आगामी दिनों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही उनकी सूची तहसील, ब्लॉक, नगरपालिका एवं अन्य सर्वदृश्य स्थलों पर चस्पा करने के निर्देश दिए गए, ताकि बकायेदारों पर प्रभावी दबाव बनाया जा सके। इसके अलावा राजस्व उपनिरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र में सतत निगरानी रखने तथा प्रमाण पत्रों पर लगाई जाने वाली आख्या को पूर्ण सत्यापन के उपरांत ही अनुमोदित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सरकारी भूमि की सुरक्षा एवं अनधिकृत कब्जों पर रोक लगाने के लिए भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा। बैठक में तहसीलदार लीना चन्द्रा धामी, राजस्व निरीक्षक गदरपुर विनोद कुमार, राजस्व निरीक्षक दिनेशपुर भगत सिंह, समस्त राजस्व उपनिरीक्षक एवं समस्त संग्रह अमीन गदरपुर उपस्थित रहे।

